# कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक,प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज।

**पत्र संख्याः**सीओपी–आर(मिशन शक्ति समन्वय) / 2021/420 **दिनांकः**फरवरी 8,2021

**सेवा में,**

**प्रधानाचार्य,**

ईश्वर शरण डिग्री कालेज/इलाहाबाद डिग्री कालेज/ईविंग क्रिश्चियन कालेज/एस0एस0 खन्ना गर्ल्स कालेज/राजर्षि महिला महाविद्यालय/ आर्य कन्या गर्ल्स कालेज/ जगत तारन गर्ल्स, कालेज/हमीदिया गर्ल्स कालेज/श्यामा प्रसाद मुखर्जी, कालेज/ यूनाईट इन्स्टीट्यूट

सेंट मैरीज कान्वेन्ट इण्टर कालेज/गर्ल्स हाईस्कूल एण्ड कालेज (जी0एच0एस0)/ नारायणी आश्रम, कालेज/बेथनी कान्वेन्ट स्कूल/ आर्य कन्या इन्टर कालेज/गवर्नमेन्ट इण्टर कालेज (जी0आई0सी0) /सेंट एन्थनी,स्कूल/ जगत तारन इण्टर कालेज/कर्नलगंज इण्टर कालेज/ रामादेवी बालिका, इण्टर कालेज जनपद प्रयागराज।

**सूचनार्थः**सहायक निदेशक बेसिक(शिक्षा) प्रयागराज मण्डल/संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा,प्रयागराज/संयुक्त निदेशक, माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज/जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार,प्रयागराज/उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, महिला कल्याण, प्रयागराज मण्डल/परियोजना अधिकारी, डूडा, प्रयागराज/उप श्रमायुक्त,प्रयागराज मण्डल।

---

**विषयः महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित विशेष अभियान मिशन शक्ति अभियान एवं सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत दिनांकः 09–02–2021 को रैली का आयोजन।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि महिलाआं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए वर्तमान में **माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित कर लैंगिक असमानता दूर करने तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के प्रसार हेतु** निरन्तर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

2– मिशन शक्ति/सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुक्रम में महिला/बालिकाओं एवं नागरिकों को जागरूक किए जाने के उद्देश्य से **दिनांकः09–02–2021 को एक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली समय दोपहर 12.00 बजे माघ मेला पुलिस लाइन/मेलाधिकारी, माघ मेला कार्यालय से प्रारम्भ होकर संगम तट, माघ मेला, प्रयागराज तक निकाली जाएगी। रैली के पश्चात संगम तट पर ही एक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लगभग 14.00 बजे रैली/कार्यक्रम का समापन होगा।**

3– अतः आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत **दिनांकः09–02–2021** को आयोजित उक्त जागरूकता रैली में कृपया **स्वयं अथवा नामित प्रतिनिधि अपने कालेज/स्कूल के 25–25 बालिकाओं के**

**साथ मय बैनर/पोस्टर/प्ले–कार्ड सहित समय 11.00 बजे माघ मेला पुलिस लाइन्स/मेलाधिकारी कार्यालय माघ मेला** पहुँचकर रैली में प्रतिभाग करने की कृपा करें। **रैली का आयोजन कोविड–19 के नियमों का पालन कर किया जाएगा।**

4– दिनांक 09–02–2021 को आयोजित उक्त जागरूकता **रैली की नोडल अधिकारी डा0 मंजू सिंह** (मो0नं0–9026847734) (ई–मेल nssallahabaduniv15@gmail.com **कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0), इलाहाबाद विश्वविद्यालय होंगी।** रैली/कार्यक्रम/बैनर आदि अन्य संबंधित पूर्ण जानकारी के लिए इनसे सम्पर्क किया जा सकता है।

5– माघ मेला क्षेत्र में रैली के आयोजन, मार्ग में यातायात व्यवस्था एवं संगम तट पर कार्यक्रम की व्यवस्था के **नोडल अधिकारी श्री कुलदीप सिंह(9454405248) पुलिस अधीक्षक प्रोटोकाल/माघ मेला,यातायात होंगे।**

6– रैली में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के समापन पर सम्मानित भी किया जाएगा।

6/2/2021

**(कवीन्द्र प्रताप सिंह)**
पुलिस महानिरीक्षक,
प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज।

**प्रतिलिपिः–**

1– अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज को सादर सूचनार्थ।

2– मण्डलायुक्त,प्रयागराज मण्डल प्रयागराज को कृपया सूचनार्थ।

3– पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज को सूचनार्थ एवं इस आशय से कि कृपया रैली के संबंध में आवश्यक व्यवस्था एवं मार्ग में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

4– जिलाधिकारी जनपद प्रयागराज को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5– पुलिस अधीक्षक, माघ मेला,प्रयागराज को इस आशय से कि माघ मेला क्षेत्र में रैली एवं कार्यक्रम संबंधित व्यवस्था समय से पूर्ण करायें।

6– मेलाधिकारी माघ मेला प्रयागराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7– श्री कुलदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रोटोकाल को इस निर्देश के साथ कि वह रैली के आयोजन,यातायात व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर माइक, पानी आदि का समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था के लिए श्री निखिल मलंग(9935889100) से सम्पर्क कर लिया जाए।

8– आर0एम0रोडबेज, जनपद प्रयागराज/आर0टी0ओ0 जनपद प्रयागराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

9– पुलिस अधीक्षक,नगर/यातायात जनपद प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि रैली के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

10– कमांडिंग आफिसर, 16 यू0पी0 वटा0, एन0सी0सी0 हेड0 क्वा0 जनपद प्रयागराज को इस आशय से कि रैली में एन0सी0सी0 की बालिकाओं के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

11– **डा0 मंजू सिंह** (मो0नं0–9026847734) कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0), इलाहाबाद विश्वविद्यालय को इस आशय से कि रैली से संबंधित समस्त तैयारी/व्यवस्थायें समय से पूर्ण कराने का कष्ट करें।

**(कवीन्द्र प्रताप सिंह)**
पुलिस महानिरीक्षक,
प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज।